| आदेश की क्रम सख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|

# उपायुक्त का न्यायालय, जामताड़ा।

Confiscation Case No. -12/2023-24

सरकार द्वारा पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा **बनाम** शेख कासिम एवं अन्य

## आदेश

यह वाद पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा के पत्रांक-800/अप0शा0, दिनांक-03.06.2023 द्वारा नाला थाना काण्ड संख्या-93/2022, दिनांक-27.12.2022 में जप्त करीब बारह (12) क्विंटल कच्चा कोयला को राज्यसात (Confiscation) की कार्रवाई किये जाने की अनुरोध पर दायर है।

उक्त वाद में थाना काण्ड संख्या-93/2022, दिनांक-27.12.2022 में प्राथमिकी अभियुक्त शेख कासिम, पे0-शेख कादिर, सा0-बरकुड़ी, 2. शेख फिरोज, पे0-शेख मुस्लिम सा0-कास्ता दोनों थाना-नाला, जिला-जामताड़ा एवं अन्य अज्ञात है। प्राथमिकी अभियुक्तों को कारण पृच्छा प्रस्तुत करने हेतु नोटिस निर्गत किया गया। उक्त नोटिस का तामिला प्राप्त है। प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा कारण पृच्छा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया।

प्राथमिकी अभियुक्त न्यायालय से अनुपस्थित।

विज्ञ सरकारी अधिवक्ता को सुना। उनका कहना है कि The Jharkhand Minerals (Prevention of illegal Mining, Transportation and Storage) Rules 2017 की Rule 11(V) "Any Minerals, tool, equipment, vehicle or any thing seized shall be liable to be confiscated by an order of the court of the Deputy Commissioner of the concerned district and shall be disposed of in accordance with direction of such court." के अनुसार उक्त कांड में जप्त बारह (12) क्विंटल कच्चा कोयला जो एक नाशवान वस्तु है, को राज्यसात की कार्रवाई किया जाना न्यायसंगत होगा।

अतः The Jharkhand Minerals (Prevention of illegal Mining, Transportation and Storage) Rules 2017 की Rule 11(V) के तहत बारह (12) क्विंटल कच्चा कोयला राज्यसात (Confiscation) की कार्रवाई की जाती है। जिला खनन पदाधिकारी, जामताड़ा को आदेश दिया जाता है कि वे नियमानुसार उक्त वस्तु की निलामी कर सुसंगत शीर्ष में चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करना सुनिश्चित करें।

वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

उपायुक्त,
जामताड़ा।

उपायुक्त,
जामताड़ा।

Digitally signed by 127.0.0.1
Date: 2023.08.29 10:55:14 +05:30
Location: 192.168.43.106